पत्र संख्या-आई0टी0- आई0डी0 आवंटन -परिपत्र /2016-17/ 1318 / 1617069 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर
(आई0टी0 अनुभाग)
उत्तर प्रदेश , लखनऊ।
लखनऊ : दिनांक : 10 मार्च, 2017।

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर**
**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0), वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश।**

मुख्यालय को इस आशय की सूचना प्राप्त हो रही है कि अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा विभागीय कार्यो हेतु प्रयोग किये जाने वाले Login ID तथा पासवर्ड अन्य व्यक्तियों से Share किये जा रहें है। कई प्रकरण ऐसे भी सूचित है जिसमें अधिकारियों /कर्मचारियों के द्वारा अपना Login ID तथा पासवर्ड बाहरी व्यक्तियों को देते हुए उनसे विभागीय साफ्टवेयर पर समस्त कार्य करवाये जाते हैं। इस प्रचलित कार्यशैली के कारण कई कार्यालयों में गम्भीर समस्यायें उत्पन्न हुयी है।

समस्त जोनलएडीशनल कमिश्नर तथा एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0 ) को यह निर्देशित किया जाता है कि वह अपने अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी कर दें कि उनके द्वारा विभागीय कार्य हेतु प्रयोग किये जाने वाले Login ID तथा पासवर्ड किसी भी दशा में किसी अन्य व्यक्ति विभागीय अथवा बाहरी से Share नहीं किये जायें। यदि किसी भी अधिकारी/ कर्मचारियों के Login ID तथा पासवर्ड से किसी प्रकार का अविधिक कार्य होना पाया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारी की होगी तथा उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

यह भी निर्देश दिये जाते हैं कि समम्त अधिकारी तथा कर्मचारी प्रत्येक माह विभाग द्वारा आवंटित अपना पासवर्ड आवश्यक रुप से परिवर्तित कर लें जिससे उनका Login सुरक्षित रहे। उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

10/03/17

**(मुकेश कुमार मेश्राम)**
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।